**अव्यवस्था** | निजी क्लीनिकों के संचालक भी आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी से मरीज बेहाल



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली इन दिनों दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ अस्पताल में स्टाफ की भारी कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में नियम विरुद्ध चल रहे निजी क्लीनिकों और पैथोलॉजी सेंटरों का जाल फैलता जा रहा है। आज आलम यह है कि सीएमएचओ के नोटिस जारी करने के बाद भी उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार, पिछले दिनों टास्क फोर्स द्वारा मझौली क्षेत्र के विभिन्न निजी क्लीनिकों पर कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक गायकवाड़ ने पत्राचार के माध्यम से संबंधित संस्थानों से उनके वैध दस्तावेज और रजिस्ट्रेशन की जानकारी मांगी थी।

### सीएमएचओ के नोटिस की कर रहे अवहेलना

हैरानी की बात यह है कि नोटिस दिए जाने के बावजूद कई संचालकों ने आज दिनांक तक अपने दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए हैं। इनमें मुख्य रूप से ए विस्वास, शुभाष सराफ, कमलेश श्रीवास आदर्श पैथोलॉजी सेंटर (सिहोरा रोड) दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने और नियमों की अनदेखी करने पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक गायकवाड़ ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित सूचना तहसीलदार मझौली, एसडीएम सिहोरा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर को पत्राचार के माध्यम से दे दी है।

### प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी क्षेत्रीयवासियों की निगाहें

मझौली क्षेत्र में बिना वैध रजिस्ट्रेशन और मापदंडों के विपरीत चल रहे इन क्लीनिकों से मरीजों की जान को भी खतरा बना रहता है। अब क्षेत्र की जनता और स्वास्थ्य विभाग की नजरें शासन-प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इन अवैध केंद्रों पर ताला लगाता है या ये इसी तरह नियम विरुद्ध संचालित होते रहेंगे।

**इनका कहना है**

नियमों के उल्लंघन और दस्तावेजों की कमी को गंभीरता से लिया गया है। प्रशासन को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है ताकि आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

**डॉ. दीपक गायकवाड़, सीएमएचओ, मझौली**

# महिला शक्ति संघ कार्यालय में मारपीट

▸ पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** मझौली के सिहोरा रोड स्थित काकरदेही में महिला शक्ति संघ कार्यालय में एक महिला के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी महिला कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम खाण्ड निवासी पीड़िता छोटी बाई झारिया, जो आंगनबाड़ी में रसोइया (खाना बनाने) का कार्य करती हैं, ने पुलिस को बताया कि उनके बैंक खाते में महिला शक्ति संघ द्वारा 'होल्ड' लगवा दिया गया था। इसी संबंध में जानकारी लेने के लिए वह सोमवार दोपहर करीब 3 बजे संघ के कार्यालय पहुंची थीं।

### आरोपी महिला के खिलाफ दर्ज किया गया प्रकरण

बताया जाता है कि मारपीट के कारण पीड़िता की दाहिने हाथ की कलाई और दोनों गालों में चोटें आई हैं। घटना के समय वहां मौजूद आरती बर्मन, बराती चक्रवर्ती, गोकुल चक्रवर्ती और राजकुमार चौधरी ने पूरे घटनाक्रम को देखा और सुना है। पीड़िता की शिकायत पर मझौली पुलिस ने आरोपी पूजा नामदेव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता धारा 296: अश्लील कार्य और गाली-गलौज की धारा 115(2): स्वेच्छा से चोट पहुंचाना। एवं धारा 351(3) आपराधिक धमकी की धाराओं के तहत प्रकरर्ण दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंडाते के निर्देश पर मामले की जांच कार्यवाही प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद रजक को सौंपी गई है। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है।

### जान से मारने की धमकी देकर निकाला बाहर

पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने वहां कार्यरत पूजा नामदेव से खाते में होल्ड लगने का कारण पूछा, तो वह भड़क गईं। पूजा नामदेव ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके साथ मारपीट की। पीड़िता को धक्का देकर कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# शासन के आदेश के बाद भी बेलखाडू शराब दुकान में नहीं लगे क्यूआर कोड

▸ जांच अभियान के बीच उठने लगे सवाल




**बेलखाडू, नवभारत।** प्रदेश में शराब बिक्री में पारदर्शिता लाने के लिए मध्य प्रदेश आबकारी विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए सभी शराब दुकानों पर क्यूआर कोड अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार दुकानों के प्रमुख स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए जाने से उपभोक्ता आसानी से तय मूल्य की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और मनमाने दामों पर बिक्री पर लगाम लगेगी। लेकिन बेलखाडू शराब दुकान में क्यू आर कोड नहीं लगाए गए हैं जिसने जांच अभियान के बीच तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से सभी जिला अधिकारियों को विशेष क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें प्रत्येक दुकान में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य है। यदि कोई लाइसेंसी ठेकेदार इन नियमों की अनदेखी करता है या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेचते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाया जाएगा। प्रदेशभर में इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए मध्य प्रदेश में 28 अप्रैल 2026 से 7 मई 2026 तक 10 दिवसीय विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट 11 मई तक सभी जिलों से मांगी गई है।

लेकिन इन सख्त निर्देशों के बावजूद बेलखाडू नगर के सरोद रोड और पनागर रोड स्थित शराब दुकानों पर अभी तक क्यूआर कोड नहीं लगाए गए हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू न होने से दुकानों पर अभी भी मनमाने दामों पर शराब बिक्री की आशंका बनी हुई है।

### लोगों ने प्रशासन से की मांग

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जांच अभियान के दौरान बेलखाडू की दुकानों की विशेष जांच कर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शी और तय मूल्य पर सेवाएं मिल सकें। अब देखना होगा कि चल रहे विशेष अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा इन दुकानों पर कब तक कार्रवाई की जाती है।

# क्रूज हादसे में दिवंगतों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**सिहोरा, नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के तत्वावधान में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा के माध्यम से राज्यपाल के एक में ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम मांग की क्रूज हादसे में दोषी अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदारों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए, मृतकों के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि दी जाए, सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाही सुनिश्चित की जाए एवं जबलपुर सीईओ को निलंबित किया जावे इसके साथ ही




रमजान भाईजान ने डूबते हुए चार लोगों की जान बचाई उनको सम्मान पत्र दिया जाए।

ज्ञापन सौंपने के पूर्व पार्षद अरशद खान के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर जय स्तंभ थाने के सामने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर 2 मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा, राजेश चौबे सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रकाश कुररिया, लाल बहादुर पाठक, शिवकुमार गर्ग, मंसूर मंसूरी पूर्व पार्षद, राजेश पटेल पूर्व पार्षद, राहुल श्रीवास्तव, गणेश दाहिया पूर्व पार्षद, प्रभात कुररिया, प्रांजल शराफ़, डब्बू पाठक, नवनीत शुक्ला, संदीप शुक्ला, रमा चौरसिया, शंकर वंशकार पूर्व पार्षद, बिट्टू कुररिया, फैज आलम शाह, शेख साबिर, ओम नारायण श्रीवास्तव, पापे यादव, गिरधर सरावगी, शाजिद खान, लालजी पटेल, पूर्व सरपंच, गुल्लू खान, सुभाष ठाकुर, दिवाकर दुबे, अजीत विश्वकर्मा, दानिश कुरेशी, अयान अली, अकबर शाह, शेख महमूद भाईजान, शाकिर अली, राजेंद्र दाहिया, अंकित पटेल इत्यादि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# भरभराकर गिरा टैंक, दो मजदूरों की मौत



▸ इथेनॉल प्लांट में भीषण हादसा

**नवभारत, नरसिंहपुर, गोटेगांव।** विगत दिवस महाकौशल शुगर मिल बचई परिसर स्थित इथेनॉल प्लांट में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक औद्योगिक हादसा हो गया। रात करीब 1:30 बजे हुए इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लांट में लगा एक विशालकाय डीडीएस टैंक अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के वक्त टैंक के नीचे काम कर रहे दो मजदूर इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह दब गए। मृतकों की पहचान खापा शेढ़ निवासी जगदीश यादव (32) और सिलवानी निवासी पवन ठाकुर (30) के रूप में हुई है।

हादसा इतना भयावह था कि पवन का शव दो हिस्सों में बंट गया। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों मजदूरों को फैक्ट्री की एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हादसे के समय भी मशीन पर काम जारी था

प्रत्यक्षदर्शी और मृतक जगदीश के चचेरे भाई कमलेश ने बताया कि प्लांट में पिछले एक सप्ताह से मशीन में तकनीकी खराबी बनी हुई थी और लगातार मरम्मत का काम चल रहा था। हादसे के समय भी मशीन पर काम जारी था, तभी अचानक टैंक गिर गया। उन्होंने बताया कि जगदीश ने महज तीन महीने पहले ही नौकरी शुरू की थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मंगलवार सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल हादसे के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन प्रारंभिक जांच में तकनीकी खामी या लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## सिहोरा में ओलावृष्टि से मची तबाही, दो घंटे तक ठप रहा यातायात

**सिहोरा।** क्षेत्र में मंगलवार देर शाम अचानक बदले मौसम ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी, तूफान और ओलावृष्टि के साथ हुई बेमौसम बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। करीब दो घंटे तक मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद रहा, जिससे लंबा जाम लग गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिहोरा-खितौला मार्ग पर तेज तूफान के चलते एक भारी-भरकम पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिर गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहा एक सवारी ऑटो पेड़ की चपेट में आ गया और दब गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# शराब माफिया को किसका संरक्षण प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

▸ शराब दुकानों में मची लूट खसोट को लेकर लोगों ने जताई आपत्ति

**नवभारत, गाडरवारा।** क्षेत्र में शराब के नाम पर खुलेआम लूट मची है न रेट लिस्ट, न बिल, और ऊपर से अवैध वसूली गांव-गांव में बिना लाइसेंस शराब बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार लोग आखिर क्यों मौन हैं यह कोई छोटी लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासन और नेताओं की मिलीभगत की बू दे रहा है।

जब नियम साफ हैं, तो फिर इतने समय से इनका पालन क्यों नहीं कराया गया जिला आबकारी अधिकारी बृजेंद्र कोरी अब कह रहे हैं कि 2-3 दिन में कार्यवाही होगी और रेट लिस्ट लगाई जाएगी। लेकिन सवाल यह है अब तक क्या किया जा रहा था क्या अवैध वसूली और गैरकानूनी बिक्री पर आंखें जानबूझकर बंद रखी गई थीं हकीकत यह है शराब दुकानों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां ग्राहकों से मनमानी वसूली बिना लाइसेंस गांव-गांव में शराब बिक्री और जिम्मेदार विभाग पूरी तरह नाकाम नेताओं की चुप्पी भी संदेह के घेरे में है। जनता पूछ रही है। क्या यह सब उनकी जानकारी में नहीं, या फिर सब कुछ उनकी मौन सहमति से चल रहा है अगर प्रशासन ने 2-3 दिन में सख्त कार्रवाई नहीं की, तो यह साफ हो जाएगा कि गाडरवारा में कानून नहीं, बल्कि शराब माफिया का राज चल रहा है।

# लोकायुक्त ने सीएमओ के कार्यालय से जब्त किये दस्तावेज




▸ जैतहरी नप में निर्माण कार्यों में अनियमितता

**अनूपपुर, नवभारत, 5 मई।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की नगरपरिषद जैतहरी में मंगलवार को लोकायुक्त रीवा डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण कार्यों में अनियमितता की जांच की। इस दौरान उन्होंने सीएमओ कार्यालय से संबंधित दस्तावेज जब्त किए और सीएमओ भूपेंद्र सिंह का बयान भी दर्ज किया।

डीएसपी परिहार नगर परिषद में लगभग एक घंटे तक छानबीन की। उन्होंने बताया कि यह जांच वित्तीय अनियमितता और निर्माण कार्यों में नियमों का पालन न करने की शिकायत से संबंधित है। फिलहाल इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जांच पूरी होने और सत्यता पाए जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। लोकायुक्त डीएसपी ने शिकायतकर्ता का नाम उजागर नहीं किया। नगर परिषद जैतहरी के सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत निर्माण कार्य का ठेका शिव महिमा कंस्ट्रक्शन कंपनी रीवा को दिया गया था।

### 9 प्रतिशत बिलों पर ठेका मिला था

सीएमओ के अनुसार, कंपनी ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद ने बिना किसी नियम और सूचना के अमानत राशि जब्त की है, जिसकी शिकायत की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस काम के लिए पहले 9 प्रतिशत बिलो पर ठेका मिला था, जबकि बाद में दूसरी निविदा पर 2 प्रतिशत बिलो पर कार्यादेश जारी हुए थे। जांच के बाद लोकायुक्त डीएसपी रीवा वापस लौट गए हैं। इस दौरान जांच से संबंधित दस्तावेज और बयान दर्ज किए गए हैं।

**विरासत** | वर्ल्ड हैरिटेज दिवस पर नैरोगेज लोकोमोटिव की हेरिटेज लोको के रूप में हुई स्थापना

# पमरे ने आने वाली पीढ़ी को परिचित कराने का किया प्रयास




**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेनों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए भारतीय रेलवे में समय के साथ-साथ नये अविष्कार किये गए एवं आज भी किये जा रहे हैं। भाप के इंजन से लेकर आज उच्च क्षमता वाले विद्युत इंजिन के कारण आज भारतीय ट्रेनें लम्बी दूरी के गंतव्य स्थल को भी कम से कम समय में पहुंच रही है। पहले नैरोगेज व मीटरगेज के रेलवे ट्रैक में ट्रेनों की गति अपेक्षाकृत कम होती थी। अत: रेलवे ने नैरोगेज व मीटरगेज के रेलवे ट्रैक को गेज परिवर्तन द्वारा ब्रॉड गेज में बदलने के कारण ट्रेनों की गति आज 160 कि.मी./घंटा तक हो पायी है।

इसी प्रकार कोचों एवं वैगनों में भी अनेक मोडिफिकेशन होने के कारण भारतीय कोच अधिक गति से सुरक्षित तरीके से संचालित किये जा रहे हैं। इन पुराने भाप के इंजनों व नैरोगेज कोचों व वैगनों का विरासत के रूप में संरक्षण होने से नई पीढ़ी को रेलवे के इतिहास, पुराने समय की इंजीनियरिंग और कार्य प्रणालियों के बारे में जानने के अवसर के प्राप्त होने के साथ-साथ हमारे अतीत और संस्कृति की झलक प्राप्त होती हैं। अत: भारतीय रेलवे में हेरिटेज (विरासत) का अत्यंत महत्व है।

### चितरंजन लोकोमोटिव वर्कशॉप में बना

युवा पीढ़ी को पुरानी धरोहरों से परिचित कराने के उद्धेश्य प्रति वर्ष 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि विरासतों को संभालना हमारी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से, पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल ने नैरों-गेज डीजल लोकोमोटिव को रीवा स्टेशन के प्लेटफार्म नं.1 के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र में स्थापित किया गया है। यह नैरों-गेज डीजल लोकोमोटिव (लोको नंबर 513, ज़डीएम 5 ) को चितरंजन लोकोमोटिव वर्कशॉप द्वारा वर्ष 1991 में बनाया गया था, इस लोकोमोटिव इंजिन ने 31 मार्च 2023 तक अपनी सेवायें दी थीं।